# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं – 0788–2360125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in


क्रं./एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2026/89 भिलाई, दिनांक 15/01/2026

## परिपत्र

संचालक, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास के पत्र क्रमांक/ESTB/12576/2025–UAD नवा रायपुर दिनांक 12.12.2025 के द्वारा नगर पालिक निगम, भिलाई में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को आधार–सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से प्रतिदिन उपस्थिति लिया जाना है। डाटा सेंटर द्वारा प्रतिदिन आधार–सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से लिये गये उपस्थिति/अनुपस्थिति की मॉनिटरिंग की जा रही है।

प्रायः यह देखा गया है कि अधिकांश अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा कार्यालयीन अवधि में कार्य स्थल पर आधार–सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से उपस्थिति नहीं लिया जा रहा है जिससे शासन के निर्देशों की अवहेलना हो रही है तथा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1)(2)(3) के विपरीत का आचरण है।

अतः इस परिपत्र के माध्यम से समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, भिलाई में दिनांक 01.01.2026 से प्रचलित आधार–सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से प्रतिदिन अपना उपस्थिति दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करें। उपरोक्त माध्यम से उपस्थिति नही लिये जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी का उक्त दिवस का अनुपस्थिति मान्य करते हुए वेतन कटौती की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2026/90 भिलाई,दिनांक 15/01/2026

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता I/II, नगर नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. उपायुक्त I/II, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. सर्व विभाग प्रमुख______________________________नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. जोन आयुक्त, जोन क्रं. 1/2/3/4 एवं 5 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. सहायक अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. प्रभारी लिपिक, सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड हेतु।
11. सूचना फलक मुख्य कार्यालय/जोन कार्यालय में चस्पा किये जाने हेतु एवं सर्व संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई